nt>
Title: Need to take action against the Chief Minister of Delhi on breaking the rules by not wearing the helmet on two wheeler scooter.

श्री मोहन सिंह : महोदय, राजधानी में एक महत्वपूर्ण घटना घटी। इस राजधानी के मुख्यमंत्री और इस आदरणीय सदन के एक सदस्य स्कूटर पर दिखलाने के लिए, पाखन्ड करने के लिए इलाके का दौरा कर रहे थे। दिल्ली की विशेष बात है, यहां कानून लागू है कि कोई भी व्यक्ति बिना हैलमेट के नहीं चल सकता है और पीछे बैठने वाला व्यक्ति भी बिना हैलमेट के नहीं चल सकता है। कल इन पर १००-१०० तरुपए का फाइन किया गया। जो व्यक्ति मुख्य मंत्री की कुर्सी पर बैठकर अभियुक्त हो गया, तो क्या उसको नैतिक अधिकार है कि वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा रहे। जिस व्यक्ति के ऊपर पूरी राजधानी में कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी है, कानून के मुताबिक काम करने की जिम्मेदारी है, वह व्यक्ति स्वयं पाखण्ड़ करके जनता को दिखलाने के लिए कानून को तोड़े और उसको सजा हो जाए, ऐसी स्थिति में वह स्वयं कुर्सी पर बैठा रहे, इससे अधिक शर्मनाक बात नहीं हो सकती है। इसलिए मैं खुराना जी से निवेदन करना चाहता हूं कि वे इस बारे में वास्तविक स्थिति बतलायें। आपके ऊपर केवल इल्जाम लगा, तो मुख्यमंत्री की कुर्सी से इस्तीफा दे दिया और एक ऐसा व्यक्ति जो दोष सिद्ध हो गया, जुर्माना हो गया

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप भारत सरकार से क्या चाहते हैं?

श्री मोहन सिंह : हर विषय पर

... (व्यवधान)

इनकी और से प्रतिक्रिया नहीं आ रही है। मैं चाहूंगा कि माननीय संसदीय कार्य मंत्री यदि कुछ कहना चाहें, तो कहें। इस पर उनको वक्तव्य देना चाहिए और अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री के खिलाफ इस कानून को तोड़ने के सवाल पर कौन सी कार्यवाही करने जा रहे हैं या उनको मुख्यमंत्री के पद के हटाने का कार्य सरकार की ओर से होगा, यह मैं उनसे जानना चाहता हूं। ... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister, do you want to react to what he is saying?

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: The hon. Minister does not want to react. What can I do? I cannot direct him from here.